## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री शशांक सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में वर्चुअल जनसुनवाई का आयोजन किया गया, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

आज दिनांक 11.04.2026 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री शशांक सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा से गूगल मीट के माध्यम से वर्चुअल जनसुनवाई आयोजित की गई। इस पहल के अंतर्गत जनपद के समस्त पुलिस अधिकारी एवं थाना प्रभारी वर्चुअल माध्यम से सीधे जुड़कर जनसमस्याओं के समाधान में सहभागी बने।

जनसुनवाई के दौरान विभिन्न क्षेत्रों से आये शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुना गया तथा संबंधित थाना प्रभारियों से सीधे संवाद स्थापित कर प्रत्येक प्रकरण के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण हेतु स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए गए।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी शिकायतों का निस्तारण पारदर्शी, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित किया जाए, जिससे आमजन को शीघ्र न्याय एवं राहत प्राप्त हो सके।

साथ ही उन्होंने जनसमस्याओं के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाते हुए प्रत्येक स्तर पर प्रभावी एवं उत्तरदायी पुलिसिंग सुनिश्चित करने पर बल दिया।

महोबा पुलिस — समस्याओं का समाधान, पारदर्शिता के साथ








प्रेस विज्ञप्ति
दिनांकः– 11.04.2026

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## मिशन शक्ति फेज-5.0 (द्वितीय चरण) के अंतर्गत जनपद महोबा में व्यापक जनजागरूकता अभियान संचालित





मिशन शक्ति फेज-5.0 (द्वितीय चरण) के अंतर्गत जनपद महोबा के समस्त थानों में व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

प्रदेश में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को सुदृढ़ एवं सशक्त बनाने के उद्देश्य से संचालित विशेष अभियान के क्रम में आज दिनांक 11.04.2026 को जनपद महोबा में विभिन्न जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

उक्त कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वंदना सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद के समस्त थानों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में संपन्न कराए गए।

कार्यक्रम के अंतर्गत पुलिस टीमों द्वारा बाजारों, सार्वजनिक स्थलों, शैक्षणिक संस्थानों एवं ग्राम/कस्बा क्षेत्रों में पहुंचकर महिलाओं एवं बालिकाओं से संवाद स्थापित किया गया। इस दौरान उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना गया तथा उन्हें आश्वस्त किया गया कि किसी भी प्रकार की शिकायत, उत्पीड़न अथवा आपात स्थिति में पुलिस द्वारा त्वरित सहायता प्रदान की जाएगी।

पुलिस टीमों ने महिलाओं को घरेलू हिंसा, छेड़छाड़, साइबर अपराध एवं अन्य महिला संबंधी अपराधों के प्रति जागरूक करते हुए उनके कानूनी अधिकारों की जानकारी दी। साथ ही महिला हेल्पलाइन नंबर 1090, 112, 181 आदि एवं मिशन शक्ति केंद्रों की सेवाओं के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया।

कार्यक्रम के दौरान महिलाओं एवं बालिकाओं को आत्मरक्षा के प्रति प्रेरित करते हुए यह संदेश दिया गया कि वे किसी भी प्रकार की समस्या के संबंध में निडर होकर पुलिस से संपर्क करें।

जनपद महोबा पुलिस महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने, उन्हें सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने तथा उनके प्रति होने वाले अपराधों की रोकथाम हेतु निरंतर सक्रिय एवं प्रतिबद्ध है।

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

# महोबा पुलिस

**प्रेस विज्ञप्ति**

**दिनांक:– 11.04.2026**

**मीडिया सेल, महोबा**

## मिशन शक्ति फेज–5.0 (द्वितीय चरण) के तहत महिला सुरक्षा एवं साइबर जागरूकता अभियान — महोबा पुलिस का संवेदनशील प्रयास-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में संचालित मिशन शक्ति फेज–5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण में महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन के उद्देश्य से विभिन्न जनजागरूकता कार्यक्रम, कार्यशालाएँ एवं संवाद सत्र आयोजित किए जा रहे हैं।

इसी क्रम में आज दिनांक 11.04.2026 को जनपद के समस्त थानों में नियुक्त मिशन शक्ति पुलिस टीमों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र अंतर्गत स्कूलों/कॉलेजों एवं सार्वजनिक स्थलों पर पहुंचकर छात्राओं, छात्रों एवं महिलाओं को आत्मरक्षा, उनके अधिकारों तथा साइबर अपराधों के प्रति जागरूक किया गया।

कार्यक्रमों के दौरान छात्राओं को ‘गुड टच’ व ‘बैड टच’ की पहचान, आत्मरक्षा के सरल उपाय तथा महिला सम्बन्धी अपराधों से बचाव के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म (व्हाट्सएप, ट्विटर, फेसबुक, इंस्टाग्राम आदि) के सुरक्षित एवं जिम्मेदार उपयोग के लिए प्रेरित किया गया।

### साइबर अवेयरनेस कैम्पेन — डिजिटल युग में सुरक्षा की ओर कदम-

मिशन शक्ति कार्यक्रम के साथ-साथ महोबा पुलिस द्वारा “साइबर अवेयरनेस कैम्पेन” भी संचालित किया जा रहा है। इसके तहत लोगों को साइबर अपराधों के प्रकार, उनसे बचाव के उपाय, साइबर फ्रॉड की पहचान, फेक लिंक/ओटीपी धोखाधड़ी से सतर्क रहने की जानकारी दी गई।

इस दौरान छात्र/छात्राओं को साइबर अपराध की शिकायत हेतु राष्ट्रीय हेल्पलाइन नम्बर 1930 एवं पोर्टल www.cybercrime.gov.in के माध्यम से शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया से भी अवगत कराया गया।

### महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर—

- 1076 – मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1090 – वीमेन पावर लाइन 181 – महिला हेल्पलाइन 112 – पुलिस आपातकालीन सेवा 102 – गर्भवती महिलाओं/नवजात शिशुओं के लिए एम्बुलेंस सेवा 108 – सामान्य एम्बुलेंस सेवा 1098 – चाइल्ड हेल्पलाइन 101 – अग्निशमन सेवा 1930 – साइबर हेल्पलाइन


### अभियान का उद्देश्य-

मिशन शक्ति फेज–5.0 (द्वितीय चरण) एवं साइबर अवेयरनेस कैम्पेन का मुख्य उद्देश्य महिलाओं में आत्मविश्वास का संचार करना, आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना, डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाना तथा समाज में महिला सम्मान की भावना को और अधिक सशक्त बनाना है।











## पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा "थाना समाधान दिवस" पर जनसुनवाई, शिकायतों के त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश...।

आज दिनांक 11.04.2026 को "थाना समाधान दिवस" के अवसर पर पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह द्वारा थाना कोतवाली नगर पहुँचकर क्षेत्र से आए फरियादियों की समस्याओं की जनसुनवाई की गई। यह जनसुनवाई क्षेत्राधिकारी नगर श्री अरुण कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली नगर श्री मनीष कुमार पाण्डेय एवं अन्य पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में सम्पन्न हुई।

जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा फरियादियों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना गया तथा सभी शिकायतों के निष्पक्ष, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण का आश्वासन दिया गया। उन्होंने मौके पर ही राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीमों का गठन कर प्राप्त शिकायतों के शीघ्र समाधान हेतु आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि थाना समाधान दिवस का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का पारदर्शी, त्वरित एवं न्यायसंगत निस्तारण सुनिश्चित करना है।

अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वन्दना सिंह द्वारा थाना समाधान दिवस के अवसर पर थाना पनवाड़ी में उपस्थित रहकर जनसुनवाई की गई।

इसी क्रम में क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री रविकान्त गोंड द्वारा थाना अजनर में भी जनसुनवाई कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

इसके अतिरिक्त जनपद के समस्त थाना प्रभारियों द्वारा राजस्व विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर अपने-अपने थानों पर समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें प्राप्त प्रार्थना पत्रों की जांच कर संयुक्त टीमों द्वारा मौके पर जाकर त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही की गई।









उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक:- 11.04.2026

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में रिक्रूट आरक्षियों को आधुनिक तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान किया गया...।

आज दिनांक 11.04.2026 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के निर्देशन में पुलिस लाइन महोबा में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे रिक्रूट आरक्षियों को आधुनिक एवं तकनीकी रूप से दक्ष बनाने के उद्देश्य से विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस प्रशिक्षण के अंतर्गत आरक्षियों को YAKSH, E-Summon एवं CyTrain जैसे महत्वपूर्ण डिजिटल प्लेटफॉर्म्स के उपयोग के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि इन तकनीकों के माध्यम से पुलिस कार्यप्रणाली को अधिक प्रभावी, पारदर्शी एवं त्वरित बनाया जा सकता है।

उक्त प्रशिक्षण प्रभारी निरीक्षक साइबर थाना श्री गुलाब त्रिपाठी एवं कंप्यूटर ऑपरेटर ग्रेड-बी, श्री रहमान रशीद द्वारा प्रदान किया गया, जिसमें आरक्षियों को साइबर अपराधों की रोकथाम, ऑनलाइन सेवाओं के बेहतर उपयोग तथा डिजिटल साक्ष्यों के प्रबंधन के संबंध में व्यावहारिक जानकारी दी गई।

पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य रिक्रूट आरक्षियों को प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त ज्ञान का उपयोग अपने दैनिक कार्यों में करने हेतु प्रेरित करना है, जिससे आमजन को त्वरित एवं बेहतर पुलिस सेवा प्रदान की जा सके।

यह प्रशिक्षण कार्यक्रम पुलिस बल को आधुनिक तकनीकों से सुसज्जित कर स्मार्ट पुलिसिंग की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।






उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

**प्रेस विज्ञप्ति**

**दिनांक:– 11.04.2026**

# महोबा पुलिस

**मीडिया सेल, महोबा**

## पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा थाना कोतवाली नगर का किया गया औचक निरीक्षण, दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश...।

आज दिनांक 11.04.2026 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह द्वारा थाना कोतवाली नगर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय, मिशन शक्ति केन्द्र, साइबर हेल्प डेस्क, आवासीय बैरक सहित थाना परिसर के विभिन्न अनुभागों का गहन अवलोकन किया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना क्षेत्र के प्रमुख अपराधों की समीक्षा करते हुए सीमावर्ती क्षेत्रों, संवेदनशील स्थलों एवं मुख्य मार्गों की स्थिति के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की गई। साथ ही भूमि विवाद एवं अन्य आपराधिक प्रकृति के मामलों की समीक्षा कर उनके त्वरित, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए।

आगामी 14 अप्रैल को आयोजित होने वाली डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती के दृष्टिगत कानून-व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने हेतु जुलूस/कार्यक्रमों के रूट निर्धारण, संवेदनशील स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती तथा आयोजकों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों से समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए गए, जिससे सभी कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न हो सकें।

निरीक्षण के दौरान अपराध रजिस्टर, त्योहार रजिस्टर, भूमि विवाद रजिस्टर, हिस्ट्रीशीटर रजिस्टर, फ्लाईशीट एवं टॉप-10 रजिस्टर का गहन परीक्षण किया गया। अभिलेखों के अद्यावधिक रख-रखाव, नियमित प्रविष्टि एवं सूचनाओं की शुद्धता सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया, जिससे प्रशासनिक एवं विधिक कार्यवाही में पारदर्शिता बनी रहे।

पुलिस अधीक्षक द्वारा हिस्ट्रीशीटर एवं सक्रिय अपराधियों की गतिविधियों की समीक्षा कर उनके विरुद्ध प्रभावी एवं कठोर वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित करने तथा सतत निगरानी एवं समय-समय पर सत्यापन करने के निर्देश दिए गए।

मिशन शक्ति केन्द्र एवं साइबर हेल्प डेस्क के निरीक्षण के दौरान निर्देशित किया गया कि वहां तैनात पुलिस कर्मियों को अन्य कार्यों में न लगाया जाए तथा प्रत्येक पीड़ित को त्वरित एवं प्रभावी सहायता उपलब्ध कराई जाए।

थाना परिसर का भ्रमण कर आवासीय बैरकों में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का निरीक्षण किया गया तथा आवश्यक सुधार के निर्देश दिए गए। साथ ही साफ-सफाई व्यवस्था, मालखाना, हवालात एवं कार्यालय कक्षों की स्थिति का जायजा लेकर लावारिस/जब्त वाहनों के शीघ्र निस्तारण हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

इसके अतिरिक्त रात्रि गश्त को और अधिक सुदृढ़ बनाने, संवेदनशील स्थानों पर नियमित चेकिंग करने, संदिग्ध व्यक्तियों एवं गतिविधियों पर सतर्क दृष्टि रखने तथा बीट पुलिसिंग को प्रभावी बनाने के निर्देश दिए गए।

इस दौरान प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली नगर श्री मनीष कुमार पाण्डेय सहित समस्त थाना स्टाफ उपस्थित रहा।






## थाना कुलपहाड़ पुलिस टीम द्वारा चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए 03 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

## गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से 02 अदद मोटरसाइकिल एवं 01 अदद मोबाइल फोन बरामद किया गया।

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री शशांक सिंह के निर्देशन पर जनपद में चोरी/लूट की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने तथा ऐसी घटनाओं को अंजाम देने वाले शातिर अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में आज दिनांक 11.04.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़, श्री रविकान्त गोंड के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना कुलपहाड़ श्री विनोद कुमार सिंह द्वारा गठित उ0नि0 सुजीत जायसवाल के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 69/2026 धारा 303(2) BNS से सम्बन्धित प्रकाश में आये 03 नफर वांछित अभियुक्तगण क्रमशः 1.अभि उर्फ अवि अहिरवार पुत्र राजू अहिरवार उम्र करीब 19 वर्ष 2.आकाश यादव उर्फ कल्लू पुत्र महेन्द्र सिंह यादव उम्र करीब 19 वर्ष 3.सचिन पुत्र मुकेश यादव उम्र करीब 18 वर्ष निवासीगण ग्राम बगरौन थाना चरखारी जनपद महोबा को कुलपहाड़ से बेलाताल की ओर जाने वाली रोड के अंडरब्रिज के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। जिसके कब्जे से मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित चोरी की गयी 01 मोटरसाइकिल व 01 ओप्पो मोबाइल फोन तथा 01 अन्य मोटरसाइकिल बरामद की गयी। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से हुई बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(2) BN की बढोत्तरी की गयी। बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्तगण उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1.उ0नि0 सुजीत जायसवाल 2.उ0नि0 रमेशकान्त त्रिपाठी
3.कां0 आर्यन सिंह 4.कां0 गौरव सविता

### गिरफ्तार अभियुक्त-

1.अभि उर्फ अवि अहिरवार पुत्र राजू अहिरवार उम्र करीब 19 वर्ष नि0 ग्राम बगरौन थाना चरखारी जनपद महोबा

2.आकाश यादव उर्फ कल्लू पुत्र महेन्द्र सिंह यादव उम्र करीब 19 वर्ष नि0 ग्रामं बगरौन थाना चरखारी जनपद महोबा

3. सचिन पुत्र मुकेश यादव उम्र करीब 18 वर्ष नि0 ग्राम बगरौन थाना चरखारी जनपद महोबा

### बरामदगी का विवरण-

अभियुक्तों के कब्जे से 01 अदद मोटरसाइकिल चेसिस नं0 MBLHA10ASCHD17085, व दूसरी मोटरसाइकिल जिसका चेसिस संख्या MBLHAW11XLHG12709 तथा 01 अदद मोबाइल ओप्पो कम्पनी रंग आसमानी बरामद किया गया।



**थाना कुलपहाड़ पुलिस टीम ने पशु चोरी की घटना कारित करने वाले वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार, कब्जे से पशु बेचकर अर्जित की गयी धनराशि 5500 रुपये बरामद।**

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शंशाक सिंह के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वंदना सिंह एवं क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ रविकान्त गोंड के पर्यवेक्षण में चलाए जा रहे रोकथाम अपराध, तलाश वांछित/वारंटी अभियान के अंतर्गत थाना कुलपहाड़ पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है।

दिनांक 22.02.2026 को वादी भगवानदास पुत्र किशोरीलाल निवासी नेताजी वार्ड, कस्बा व थाना कुलपहाड़ जनपद महोबा द्वारा सूचना दी गई थी कि उसके बाड़े में रामलला मंदिर के पीछे बंधी तीन भैंस एवं एक पड़िया को अज्ञात चोरों द्वारा पिकअप वाहन (संख्या UP95 AT 4297) से चोरी कर लिया गया है। इस संबंध में थाना कुलपहाड़ पर मु0अ0सं0 32/2026 धारा 303(2) BNS बनाम अज्ञात चोर पंजीकृत किया गया था।

उक्त प्रकरण में प्रभारी निरीक्षक श्री विनोद कुमार सिंह के निर्देशन में गठित पुलिस टीम द्वारा विवेचना एवं वैज्ञानिक साक्ष्य संकलन के आधार पर अभियुक्त रविशंकर रैकवार उर्फ रवि पुत्र स्व0 सुरेश रैकवार, उम्र 24 वर्ष, निवासी अटल स्कूल के सामने, जैतपुर (बेलाताल), थाना कुलपहाड़, जनपद महोबा को दिनांक 11.04.2026 को गिरफ्तार किया गया।

अभियुक्त के कब्जे से चोरी किए गए पशुओं को बेचकर अर्जित धनराशि में से 5500 रुपये बरामद किए गए। अभियुक्त के विरुद्ध धारा 303(2)/317(2)/112(2) BNS के अंतर्गत विधिक कार्यवाही की गई तथा उसे माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

**गिरफ्तार/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम:**

1. उ0नि0 हरीशंकर यादव
2. का0 प्रभात कुमार
3. का0 विक्की चौधरी

**गिरफ्तार अभियुक्त:**

रविशंकर रैकवार उर्फ रवि पुत्र स्व0 सुरेश रैकवार, उम्र 24 वर्ष, निवासी जैतपुर (बेलाताल), थाना कुलपहाड़, जनपद महोबा

**बरामदगी:**

चोरी किए गए पशुओं को बेचकर अर्जित 5500 रुपये बरामद।



उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक:- 11.04.2026

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना खन्ना की पुलिस टीम ने 01 नफर वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री शशांक सिंह के कुशल नेतृत्व में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम एवं आपराधिक प्रवृत्ति के अभियुक्तों को विरुद्ध चलाये जा रहे सघन चेकिंग/गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में आज दिनांक-11.04.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वन्दना सिंह एवं क्षेत्राधिकारी नगर श्री अरुण कुमार सिंह के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना खन्ना श्री अर्जुन सिंह द्वारा गठित की गयी उ0नि0 राधेश्याम सिंह मय हमराह हे.कां. प्रवीण कुमार यादव द्वारा थानाहाजा में पंजीकृत मु.अ.सं. 30/2026 धारा 69/89/352/351(3) बीएनएस व 3(1)द, 3(1)ध, 3(2)5,3(2)5क एससी/एसटी एक्ट से संबंधित एक नफर वांछित अभियुक्त शुभम यादव पुत्र महेश यादव उम्र करीब 21 वर्ष निवासी ग्राम रगौली थाना बबेरु जिला बांदा को बस स्टैण्ड कस्बा खन्ना बहद ग्राम खन्ना थाना खन्ना जनपद महोबा से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। बाद कार्यवाही वांछित अभियुक्त उपरोक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण –

शुभम यादव पुत्र महेश यादव उम्र करीब 21 वर्ष निवासी ग्राम रगौली थाना बबेरु जनपद बांदा।

### गिरफ्तार करने वाली टीम-

उ0नि0 राधेश्याम सिंह
हे.कां. प्रवीण कुमार यादव

